त्वानुभाषते तथा तथा त्वचे
वाहिस्तेनाधर्मेण मुच्यते
२८ यथा यथा मन स्तस्य दु
ष्कृतं कर्म गर्हति तथा तथा
शरीरं तत्तेना धर्मेण मुच्यते
२२९

रह वर्षमें ३०॰ धेनु होतीहै २२७ जैसेके त्वचासे
सर्प छूटताहै तैसे प्रकाशित पापको जैसे जैसे
कहताहै तैसे तैसे मनुष्य पापसे छूटताहै २२८
पापकरनेवाले मनुष्यका मन जैसे जैसे दुष्कर्मसे
की निंदाकरताहै तैसे तैसे उस अधर्मसे उसकी

शरीर छूटताहै २२९ पापकरके संताप करै तो उस पापसे छूटताहै मैं फेर ऐसा न करूंगा ऐसी निवृत्ति करके वह पापी पवित्र होताहै २३० इस प्रकारकर- के मनसे परलोकमें कर्म फलोदय को मन वाणी

कृत्वा पापं हि संतप्य तस्मात्
पापात्प्रमुच्यते नैवं कुर्यां पु
नरिति निवृत्त्या पूयते तु सः
३० एवं संचिंत्य मनसा प्रेत्य
कर्म फलोदयं मनोवाङ्मूर्ति
भिर्नित्यं शुभकर्म समाचरे
त् ३१ अज्ञानाद्यदिवा ज्ञाना
त्कृत्वाकर्म विगर्हितं तस्मा
द्विमुक्तिमन्विच्छन् द्वितीयं
न समाचरेत् २३२ ॥

शरीरसे नित्यही शुभ कर्मको करै २३१ अज्ञानसे अथवा ज्ञानसे निंदित कर्मको करके उस कर्मसे छूटनेकी इच्छा करता संता दूसरे निंदित कर्मको न करै और दूसरे निंदित कर्मको करै तो दूना प्रायश्चित करै २३२

जिस प्रायश्चित्त करनेसे पापीके मनको संतोष न हो तो उस प्रायश्चित्त फेर करै जब तक मनको संतोष न हो तब तक करता रहै २३३ देवता और मनुष्य इन्द्रोंके सुखका मूल मध्य अंत तप है यह बात वे-

यस्मिन्कर्मण्यस्य कृते मनसः
स्यादलाघवं तस्मिंस्तावत्तपः
कुर्याद्यावत्तुष्टिकरं भवेत् २३३
तपोमूलमिदं सर्वं दैवमानु
षके सुखं तपो मध्यं बुधैः प्रो
क्तं तपोंतं वेददर्शिभिः २३४
ब्राह्मणस्य तपो ज्ञानं तपः क्ष
त्रस्य रक्षणं वैश्यस्य तु तपो
वार्ता तपः शूद्रस्य सेवनं २३५

दके देखने वालोंने कहा २३४ ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य शूद्र इन्होंका क्रमसे ज्ञान रक्षा वार्ता अर्थात् खेती करना आदि सेवा तप है २३५ इंद्रियोंके जीते हुए ऋषिलोग चर अचर तीनों लोकको तपहीसे दे-

खतीहै २३६ औषध अरोग विद्या अर्थात् ब्रह्मकर्म रू
प वेदार्थ ज्ञान और वेद पठन नानाप्रकारकी स्वर्गमें
स्थित येसभ तप करके सिद्ध होतीहै २३७ जो वस्तु॰
दुःखसे तरने योग्य मिलने योग्य करने योग्य जान॰

450

ऋषयः संयतात्मानः फल
मूलानिलाशनाः तपसैव
प्रविशंति त्रैलोक्यं सचराच
रं २३६ औषधान्यगदो विद्या
दैवी च विविधा स्थितिः तपसै
व प्रसिध्यंति तपस्तेषां हि सा
धनम् २३७ यद्दुस्तरं यद्दुरापं
यद्दुर्गं यच्च दुष्करम् सर्वं तु
तपसा साध्यं तपो हि दुरतिक्र
मम् २३८

ने योग्यहै सो तपसे होने सकताहै जो न होसके उ॰
सके होनेमें तपही सामर्थ्यहै तपका उल्लंघन ब
डा कठिन है २३८ ॥

महापातकी आदिलेके जितने पापकरने वाले ये
सभ तपसे शुद्ध होतेहैं ३३ बडे बडे सर्प पतंग
अर्थात् सलभ पशु पत्नी अचर अर्थात् जो चल
नसकै जीव ये सभ तपके बलसे स्वर्गमें जातेहैं

महापातकिनश्चैव शेषाश्चा
कार्यकारिणः तपसैव सु
तप्तेन मुच्यन्ते किल्बिषात्
ततः ३३ कीटाश्चाहि पतंगा
श्च पशवश्च वयांसि च स्था
वराणि च भूतानि दिवं या
न्ति तपो बलात् ३४ यत्किं
चिदेनः कुर्वन्ति मनोवाङ्मू
र्तिभिर्जनाः तत्सर्वं निर्दह
न्त्याशु तपसैव तपोधनाः ३५

३४ मन वाणी शरीर से जो कुछ पाप करतेहैं
सो सभ तपही से नष्टहोताहै ३५ यज्ञमें तपसे
शुद्ध ब्राह्मणका दिया हुआ हविष्य को देवता
ग्रहण करतेहैं और इन्होंके ईप्सित वस्तुको ब
ढातेहैं ३६ प्रजापति अर्थात् हिरण्यगर्भने इ

स शास्त्रको तपही से उत्पन्न किया और ऋषियोंने
तपसे इसको पाया २४३ तपहीसे संपूर्ण जंतुको
दुर्लभ जन्म होताहै इस बातको देखते हुए दे

तपसैव विशुद्धस्य ब्राह्मण॰
स्य दिवौकसः इज्याश्च प्रति
गृह्णन्ति कामान्संवर्द्धयन्ति॰
च २४२ प्रजापति रिदं शास्त्रं
तपसैवा सृजत्प्रभुः तथैव
वेदानृषय स्तपसा प्रतिपे॰
दिरे २४३ इत्येतत्तपसो देवा
महाभाग्यं प्रचक्षते सर्वस्या
स्य प्रपश्यन्त स्तपसः पुण्य
मुत्तमम् २४४ ॥

वता लोग सबका मूल तपको जानकर तपको
माहात्म्य कहतेहैं २४४ ॥

महायज्ञको और यथाशक्ति वेदाभ्यासको करने
वाले महापातकको भी जल्दी नाश करते हैं ४५
जिस प्रकारसे तेजसे बढी हुई अग्निकाटको फ
टपट दहन करती है तिसी प्रकारसे वेदको जा

वेदाभ्यासे न्वहं शक्त्या म
हायज्ञ क्रिया क्षमा नाश
यंत्याशु पापानि महापात
कजान्यपि ४५ यथैधस्ते
जसा वह्निः प्राप्तं निर्दहति
क्षणात् तथा ज्ञानाग्निना
पापं सर्वं दहति वेदवित
४६ इत्येतदेनसा मुक्तं प्रा
यश्चित्तं यथाविधि अत ऊ
र्ध्वं रहस्यानां प्रायश्चित्तं नि
बोधत २४७ ॥

नने वाला ज्ञान रूपी अग्निसे संपूर्ण पापको दहन
करताहै २४६ प्रकाशित पापोंका यह प्रायश्चित्त ४
को जानो २४७ प्रणव और सात व्याहृति इन्होंसे
गायत्री इससे सोलह प्राणायाम प्रतिदिन एकमा
स तक करै तो गर्भ मारनेको पापको हर करता

कहा इससे अनंतर अप्रकाशित पापके प्रायश्चित्त ४

म॰
स्व॰ टी॰
भा॰
४५२

452

है यह प्रायश्चित ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य इन्होंकोहै
ही और शूद्र इन्होंको मंत्रमे अधिकार नहीहै २
४८ कौत्स ऋषिने देखाजो सूक्त अपनः शोशुच
दघं यह और वसिष्ठ ऋषिने देखा जो सूक्त प्रति
स्तोमभिरुषसं वसिष्ठाया यह माहित्रसूक्त महि
त्रीणा मवोस्तु यह शुद्धवत्य एतानिंद्र स्तवाम यह
ह तीन ऋचा इन्होंके प्रतिदिन एक मास तकसे

सव्याहृति प्रणवकाः प्रा॰
णायामस्तु षोडश अपि भ्रू
णहनं मासा पुनंत्यहरहः
कृताः ४८ कौत्सं जप्त्वाप
इत्येतद्वासिष्ठं च प्रतीत्यृचं
माहित्रं शुद्धवत्यश्च सुरापो
ऽपि विशुध्यति ४९ सकृज्जप्त्वा
स्य वामीयं शिवसंकल्पमे
व च अपहृत्य सुवर्णं तु ब्रा
ह्मणो भवति निर्मलः २५० ।

लह वेर जपकरै तो सुरापान करनेवाला शुद्ध हो
ताहै २४९ एक वेर प्रतिदिन एक मास तक अस्य
वामीय मस्य वामस्य पलितस्य इसको और शिव
संकल्प अर्थात यज्जाग्रतो दूरं यह वाजसनीयी
शाखामे पठित मंत्रको जपकरै तो ब्राह्मणका सो
ना चोरानेवाला शुद्ध होताहै २५० ॥

हविष्यंतमजरं स्वर्विदं यह उन्नीस ऋचा और ततमें
हो उवितै यह आठ ऋचा सहस्रशीर्षा यह सोलह
ऋचा इन्होंके सोलह वेर प्रतिदिन एक मासतक ॰
जपकरै तौ मातृगमनेसे पापसे छूटताहै २५१ अ
वति हेलो वरुणयोः यह ऋचा यत्किंचिदं वरुण
देवो जल यह ऋचा इन्होंको एक वेर एक वर्षतक

हविष्यंतीय मभ्यस्य नतेम
ह्यतीति च जपित्वा पौरुष
सूक्तं मुच्यते गुरुतल्पगः ५१
एनसां स्थूलसूक्ष्माणां चिकी
र्षन्नपनोदनम् अवेत्यृचं ज
पेदब्दं यत्किंचिदमितीति वा
५२ प्रतिगृह्याप्रतिग्राह्यं भु
क्त्वा चान्नं विगर्हितं जपंस्तर
त्समंदीयं पूयते मानवस्त्र्य
हात् ५३ ॥

जपकरै तौ छोटे वडे पापको अर्थात् महापातक
उपपातक आदिको नाशकरताहै २५२ नहीं ग्रह
ण करणे योग्य वस्तुको ग्रहण करके और निंदित
अन्नको भोजन करके तरत्समंदिवं यह चार ऋ॰
चाको तीन दिन जप करै २५३ सोम रुद्रा धार॰
ये पृणाम स्वयं यह चार ऋचा अर्यमणं वरुणं मि

तृच यह तीन ऋचा इन्होंमेंसे एक एकको एकवे
र एक मास तक नदीमें स्नान करके जपकरै तो
बहुत पापोंसे छूटताहै २५४ इंद्र मित्रं वरुण मं
ग्नि त्रयः यह सात ऋचाको छः मासतक जपकरै
तो सभपापोंसे छूटताहै जलमें मूत्र विष्ठा आदिको

सोमारौद्रं तु बह्वेना मासम
भ्यस्य शुध्यति स्रवन्त्यामाचर
न्स्नान मर्य्यम्णा मिति च तृ·
चं २५४ अब्दार्द्ध मिन्द्र मित्येत
देनस्वी सप्तकं जपेत् अप्रश
स्तं तु कृत्वाप्सु मास मासी
त भैक्षभुक् २५५ मन्त्रैः शाक
लहोमीयै रब्दं हुत्वा घृतं द्वि
जः सुगुर्व्वप्यपहन्त्येनो जप्त्वा
वा नम इत्यृचम् २५६ ॥

करने वाला एक मास तक भिक्षा मांगके भोजन
करै २५५ देवकृतस्य इन आदि शाकल होम मंत्रोंसे
एकवर्षतक जपकरै तो महापातक ब्राह्मण क्ष
त्रिय वैश्य नाश करतेहैं २५६ ॥

घी का होम करै अथवा नमः इंद्रस्य इस ऋचा करके एक
वर्षतक २

ब्रह्महत्या आदि महापातकमें से कोई एकपापसे युक्त
हो निश्चिंत होकर गौ के पीछे गमन करै और भिक्षामा
गके भोजन करै इंद्रियोंके जीते हुए एक वर्ष तक प्र
तिदिन पावमानी ऋचाको जपकरै तो शुद्धहोताहै
५७ वनमें निश्चिंत होकर वेदसंहिता को तीन वेर अ

महापातक संयुक्तोऽनुगच्छे
द्गाः समाहितः अभ्यस्याब्द
पावमानी भैक्षाहारो विशुध्य
ति ५७ अरण्ये वा त्रिरभ्यस्य प्र
यतो वेद संहिता मुच्यते पा
तकै सर्वै त्रिशोधित्वाचम
र्षेण ५८ अहं स्नपवेसु मुक
ह्निको भुपद्यत्रपः मुच्यते
पातकै सर्वै त्रिशोधित्वाद
मर्षेण २५९

भ्यासकरै और तीन वेर पराक व्रतकरै तो सब पापसे
छूटताहै ५८ इंद्रियोंके जीते हुए प्रतिदिन प्रातः सा
यं मध्याह्नकालमें स्नान करत संते जलमें तीन वेर
ऋतंच सत्यं यह अघमर्षण सूक्तको जप करके सब
पापसे छूटताहै २५९ जिस प्रकारसे सब यज्ञोंका रा

म॰
स्व॰ टी॰
भा॰
४५४

जो अश्वमेध यज्ञ सब पापको दूरकरताहै तिसेही कारसे अघमर्षण सूक्त सब पापको दूरकरताहै २६॰ तीनों लोकको हनन करके और जहां तहां भोजन करके ऋग्वेदको धारण करै तो कोई पा

यथाश्वमेधः क्रतुराट् सर्वपापनोदनः तथाघमर्षणं सूक्तं सर्वपापापनोदनम् २६॰ हत्वा लोकानपीमांस्त्रीनश्नन्नपि यतस्ततः ऋग्वेदं धारयन्विप्रो नैनः प्राप्नोति किंचन २६१ ऋक्संहितां त्रिरभ्यस्य यजुषां वा समाहितः साम्नां वा सरहस्यानां सर्वपापैः प्रमुच्यते २६२

पको नहीं पाताहै २६१ निश्चिन्त होकर ऋग्वेद यजुर्वेद सामवेदकी संहितामेंसे कोई एक संहिताको तीनवीर अभ्यास करके सब पापसे छूटताहै २६२

जिस प्रकारसे अगाध जलमें माटीका ढेला डाला
तो जलदी नष्ट होताहै तिसी प्रकारसे सभपाप
तीनो वेदके पाठमें डूबताहै २६३ इस वातको जो जा
ने सो वेद जानने वाला कहाताहै २६४ इतिश्री

यथा महाह्रदं प्राप्य क्षिप्रं·
लोष्टं विनश्यति तथा दुश्च
रितं सर्वं वेदे त्रिवृति मज्ज·
ति २६३ ऋचो यजूंषि चान्या
नि सामानि विविधानि च
एष ज्ञेयस्त्रिवृद्वेदो यो वेदै
नं स वेदवित् २६४ आद्यं यत्त्र्य
क्षरं ब्रह्म त्रयी यस्मिन्प्रति·
ष्ठिता स गुह्योऽन्यस्त्रिवृद्वेदो
यस्तं वेद स वेदवित् २६५
इति मानवे धर्मशास्त्रे भृगु·
प्रोक्तायां संहितायामेकाद
शोऽध्यायः ११

मनुस्मृति भाषा टीकायां कुल्लक भट्ट व्याख्यानुसारि·
ण्यां श्री बाबू देवीदयाल सिंह कारितायां श्री कंपनी
संस्कृत पाठशालीय गुलजार शर्म्म पंडित कृतायां
मेकादशोऽध्यायः ११ ॥ सभ ऋषिसे लोग भृगु·

456

ऋषि कहतेहैं कि हे पापरहित भृगुऋषि अपने वि
धिपूर्वक चारो वर्णोंको धर्मको कहा अब हम कर्मो
के शुभाशुभ कर्मफलोंको विधि पूर्वक कहिए १
धर्मात्मा मनुके पुत्र भृगुऋषि उन महर्षियोंसे बो

चातुर्वर्ण्यस्य कृत्स्नोऽयमुक्तो
धर्मस्त्वयानघ कर्मणां फल
निर्वृत्तिं शंस नस्तत्त्वतः परां
१ स तानुवाच धर्मात्मा मह
र्षीन्मानवो भृगुः अस्य सर्व
स्य शृणुत कर्मयोगस्य नि
र्णयं २ शुभाशुभफलं कर्म
मनोवाग्देहसंभवं कर्मजा
गतयो नृणामुत्तमाधम
मध्यमाः ३ ॥

ले कि हे ऋषिलोग संपूर्ण कर्मयोगके निर्णयको
हमसे सुनिए २ मन देह वाणीसे उत्पन्न शुभाशुभ
वाला जो कर्म है उससे उत्पन्न मनुष्योंकी गति उत्तम
मध्यम अधम होती है ३ ॥

आगे जो दशलक्षण कहेंगे उससे युक्त देहधारण करने वाला पुरुषका मन देह वाणीसे उत्पन्न उत्तम मध्यम प्रथम कर्ममें प्रवृत्ति करनेवाला मनको जानो ४ पर द्रव्यमें ध्यान मनसे अनिष्ट चिंतन नास्तिकपना य

तस्येह त्रिविधस्यापि त्र्यधिष्ठानस्य देहिनः दश लक्षणयुक्तस्य मनो विद्या त्प्रवर्तकं ४ परद्रव्येष्वभिध्यानं मनसा निष्ट चिंतनं वितथाभिनिवेशश्च त्रिविधं कर्म मानसं ५ पारुष्य मनृतं चैव पैशुन्यं चापि सर्वशः असंबद्ध प्रलापश्च वाङ्मयं स्या च्चतुर्विधं ६

ह तीनप्रकारके मानस अर्थात् मनसे उत्पन्न कर्म है ५ अप्रिय कथन असत्य भाषण परदोष कथन अ योजन रहित बोलना यह चार प्रकारका वाचिक अ र्थात् वाणीसे उत्पन्न कर्म है ६ बिना दिये वस्तुका

ग्रहण करना विना विधिके जीव मारना परस्त्रीके
साथ रति करना यह तीन प्रकारका शारीर अर्थात्
शरीरसे उत्पन्न कर्म है ७ शरीरसे उत्पन्न शुभाशुभक
र्मके फलको क्रमसे मन वाणी शरीरसे देही पुरु

अदत्तानामुपादानं हिंसा चै
वाविधानतः परदारोपसेवा
च शारीरं त्रिविधं स्मृतम् ७
मानसं मनसैवायमुपभुंक्ते
शुभाशुभं वाचा वाचा कृतं
कर्म कायेनैव च कायिकं ८
शरीरजैः कर्मदोषैर्याति स्था
वरतां नरः वाचिकैः पक्षिमृ
गतां मानसैरंत्यजातिताम् ९

ष भोग करता है ८ शरीर वाणी मनसे उत्पन्न कर्म ।
करके क्रमसे स्थावर अर्थात् जो चल न सके पक्षी
और पशु अंत्यजाति अर्थात् चांडाल आदि इन्होंके
भावको प्राप्त होता है ९ ॥

जिसका वाणी मन शरीर ये सभ कर्मसे निषिद्ध
कथन असत्संकल्प निषिद्ध व्यापार इन्होंको त्या
ग किये है वही त्रिदंडी कहाता है क्यौं कि दमनसे
दंड कहाता है तीनसे तीनो वस्तुका दमन किया
इसलिये वह त्रिदंडी है १० संपूर्ण जीवौंमें इन तीनों

वाग्दंडोथ मनोदंडः काय
दंड स्तथैवच यस्यैते निहि
ता बुद्धौ त्रिदंडीति स उच्य
ते १० योस्यात्मनः कारयि
ता तं क्षेत्रज्ञं प्रचक्षते यः
करोति तु कर्माणि सभूता
त्मोच्यते बुधैः ११ त्रिदंडमेत
न्निक्षिप्य सर्वभूतेषु मानवः
कामक्रोधौ तु संयम्य ततः
सिद्धिं नियच्छति १२ ॥

दंडको अर्थात् मनो दंड कायदंड वाणी दंडको स्था
पन करके काम क्रोधको रोकके सिद्धिको पाता है
शरीरको कर्ममें प्रवृत्ति कराने वाला क्षेत्रज्ञ कहा
ता है और जो कर्म करता है सो भूतात्मा अर्थात् श
रीर कहाता है यह बात पंडित लोग कहते हैं १२ ॥

म॰
स॰ टी॰
भा॰
४५७

457

सर्वदेहवालोंके साथ उत्पन्न अंतरात्मा जीव ना
म वाला जिसको महत् कहते हैं सो भिन्न है जिस
जन्ममें सब लोग सुख दुःखका क्षेत्रज्ञ अनुभव कर
ता है अर्थात् सुख दुःखका भोग करता है १४ मह
तत्व और क्षेत्रज्ञ ये दोनो पृथिवी आदि पंच महा

जीवसंज्ञोन्तरात्मान्यः सहजः
सर्वदेहिनां येन वेदयिते स
र्वं सुखं दुःखं च जन्मसु १४
लादिभिर्भूतसंघैः सो महान्
क्षेत्रज्ञ एव च उच्चावचेषु भू
तेषु स्थितेन ते व्याप्य तिष्ठतः
१४ असंख्या मूर्तयस्तस्य नि
ष्पतन्ति शरीरतः उच्चावचा
नि भूतानि सततं चेष्टयन्ति
याः १५ ॥

भूतों करके ऊंच नीच योनियोंमें परमात्माको पकड
के रहते हैं १४ परमात्माके शरीरसे ऊंच नीच यो
नियोंमें स्थित देहको सदा कर्ममें प्रेरण करने वाले
असंख्य मूर्ति अर्थात् जीव निकलते हैं १५ ॥

परलोकमें पापियों के दुःख भोग करनेके लिये पृथिवी
आदि पंचभूतोंके भाग अर्थात् अंशोंसे एक दूसरी अवश्य श
रीर अर्थात् लिंग शरीर उत्पन्न होती है ॥१६॥ उस शरीरसे
यमके यातना अर्थात् तीव्रवेदनाको अनुभव करके
अर्थात् दुःख भोगकरके वह शरीर जिससे उत्पन्न हुए
है उसीमें लीनहोजाती है अर्थात् पृथिवी आदि पांचभू

पञ्चभ्य एव मात्राभ्यः प्रेत्य दुष्कृ
तिनां नृणां शरीरं यातनार्थी
यं मन्यदुत्पद्यते ध्रुवम् ॥१६॥ ते
नानुभूय ता यामीः शरीरेणेह
यातना तास्वेव भूतमात्रासु
प्रलीयन्ते विभागशः ॥१७॥ सो
नुभूया सुखोदर्कान् दोषान्
विषयसंगजान् व्यपेत कल्म
षोभ्येति तावेवोभौ महौजसौ
॥१८॥

तोंसे निकले रहे जो अंश सो पांच भूतोंमे मिलजाते है
॥१७॥ लिंग शरीरमें स्थित जीव विषय संगसे उत्पन्न पाप
को भोग करके निष्पाप होके बडे पराक्रम वाले महा
न् और परमात्मा इन दोनोंकी आश्रय करता है ॥१८॥ आ
लस्य रहित महान् और परमात्मा ये दोनो साथ होकर

म॰ स्मृ॰टी॰ भा ४५८

458

र जिस धर्म और अधर्मसे युक्त जीव इस लोकमें प
रलोकमें सुख और दुःखको पाताहै उस धर्मको
और भोगसे बंध हुए पापको विचारतेहैं १९ जब
जीव बहुत धर्मको करताहै और थोडा पापको ।

तौ धर्मं पश्यतस्तस्य पापं चा
तन्द्रितौ सह याभ्यां प्राप्नोति
संपृक्तः प्रेत्येह च सुखासुखे
१९ यद्याचरति धर्मं स प्रायः
शो धर्ममल्पशः तैरेव चावृ
तो भूतैः स्वर्गे सुखमुपाश्नुते
२० यदि तु प्रायशो धर्मं सेव
ते धर्ममल्पशः तैर्भूतैः स परि
त्यक्तो यामी प्राप्नोति यात
नाः २१

करताहै तब परलोकमें सुखको पाताहै २० और
जब बहुत पापको करताहै और थोडा धर्मको क
रताहै तब परलोकमें दुःखको पाताहै २१ ॥

यमकी यातनाको भोगकर पापसे रहित होकर फे
र जहांसे उत्पन्न है लिंगशरीर तिसमें फेर विभागसे
प्रवेश करताहै २२ अपने चेतसे इस जीविकी यह ग॰

यामीस्ता यातनाः प्राप्य स
जीवो वीतकल्मषः तान्ये॰
व पंचभूतानि पुनरभ्येति॰
भागशः २२ एता हृष्ट्वास्य॰
जीवस्य गतीः स्वेनैव चेत॰
सा धर्मतो धर्मतश्चैव धर्मे
समाधत्सदा मनः २३ सत्व
रजस्तमश्चैव जीवियाद॰
त्मनो गुणान् यैर्व्याप्येमा॰
न्स्थितो भावा न्महान्सर्वान्
विशेषतः २४

ति देखके सर्वकाल धर्ममें मनका योगकरे २३ सत्व
रज तम यह तीन आत्मा जो महतत्व इसके गुण है
जिन गुणोंसे व्याप्तहोके सभ वस्तमें महान् स्थित
है २४ तीनों गुणोंमेंसे जो गुण अधिक जिस शरी

म॰ रेमैंहैं उस शरीरको तद्गुण आय अर्थात् बढ़त
स्व॰ टी॰ उसगुणवाला वह गुण करताहै २५ सत्व ज्ञानहै
ए॰ तम अज्ञानहै राग अर्थात् इष्ट वस्तुमें अभिलाषा
४५१ द्वेष अर्थात् अनिष्ट वस्तुमें रोष ये दोनो रजोहैं २

459

यो यैर्देषां गुणो देहे साक
ले नातिरिच्येत सततं तं-
द्गुण आय ते कौति शरी-
रिणं २५ सत्वं ज्ञानं तमो
ज्ञानं रागद्वेषौ रजः स्मृतौ
प्रवृत्याभि सहैतेषां सर्वभू
ताश्रितं वपुः २६ तत्र यत्प्री
ति संयुक्तं किंचिदात्मनि
लक्षयेत् प्रशान्तमिव शुद्धा
भं सत्वं तदुपधारयेत् २७ ।

न तीनों गुणोंमे संपूर्ण जगत व्याप्तहै २६ जब आ
त्माको प्रीति संयुक्त प्रशान्त शुद्ध स्वरूप देखे त
ब सत्व गुणको जाने २७ ॥

तमोगुणको जाने वह ४

जब आत्माको दुःखसंयुक्त अप्रसन्न देखै तब रजोगुण
को जाने वह रजोगुणको सर्व शरीर वालेको दुर्नि॰
वारहै २८ जब आत्माको मोह संयुक्त विषय स्वरूप
अप्रकट देखै तबै तमोगुण तर्कके योग्य नहीं है ।

यत्तु दुःख समायुक्त मप्री
तिकर मात्मनः तद्रजोप्रति
घं विद्या त्सततं हारिदेहिना
म् २८ यत्तु स्या न्मोह संयुक्त
मव्यक्तं विषयात्मकं अप्रत
र्क्य मविज्ञेयं तमस्तदुपधा
रयेत् २९ त्रयाणा मपि चैते
षां गुणानां यः फलोदयः
अग्र्यो मध्यो जघन्यश्च तंप्र
वक्ष्याम्य शेषतः ३० ॥

और जानने के योग्य नहीं है २९ इन तीनों गुणोंका
जो फलोदय श्रेष्ठ मध्यम नीच है उन सबको हम
कहैंगे ३० वेदाभ्यास तप ज्ञान पवित्रता इंद्रियोंका

जीतना धर्म क्रिया आत्मचिंता सभ सत्वगुणके ॰
लक्षणहै ३१ वस्तुके आरंभमें रुचि अधीरता अस
त्कार्य्य ग्रहण सदा विषय सेवा ये सभ रजोगुण

वेदाभ्यासस्तपो ज्ञानं शौच
मिंद्रिय निग्रहः धर्म क्रिया
त्मचिंता च सात्विकं गुण ल
क्षणं ३१ आरंभ रुचिताधैर्य्य
मसत्कार परिग्रहः विषयोप
सेवा चाजस्रं राजसं गुणल
क्षणं ३२ लोभः स्वप्नोधृतिः
क्रौर्य्यं नास्तिक्यं भिन्नवृत्ति
ता याचिष्णुता प्रमादश्च ता
मसं गुण लक्षणं ३३ ॥

के लक्षणहै ३२ लोभ स्वप्न अधीरता कठोरता ना॰
स्तिकपना अनाचारता मांगना अनवधानता ये
सभ तमोगुणके लक्षणहै ३३ ॥

भूत भविष्य वर्तमान यह तीनों कालमें रहने वाले ती
नों गुणोंका संक्षेप करके क्रमसे गुण लक्षण यह
जानने योग्य है ३४ जो कर्म करके और करते संते
और करनेकी इच्छा करते संते लज्जाको प्राप्त होय

त्रयाणामपि चैतेषां गुणानां
त्रिषु तिष्ठतां इदं सामासिकं
ज्ञेयं क्रमशो गुणलक्षणं ३४
यत्कर्म कृत्वा कुर्वंश्च करिष्यं
श्चैव लज्जति तज्ज्ञेयं विदुषा
सर्वं तामसं गुणलक्षणम्
३५ येनास्मिन् कर्मणा लो
के ख्यातिमिच्छति पुष्कलां
न च शोचति संपत्तौ तद्विज्ञे
यं तु राजसम् ३६ ॥

हो उस कर्मको तामस गुण लक्षण जाने ३५ इस लोक
मे जिस कर्म करके बडी प्रसिद्धता होनीके इच्छा कर
ताहै और असंपत्तिमे शोक नही करताहै उस कर्मको
राजस गुण लक्षण जाने ३६ जो कर्म वेदार्थको सर्वा

त्मकरके जाननेकी इच्छा करताहै और जिसक
र्मको करतसंते लज्जा नहीं होती और जिसकर्म
करके पुरुषकी आत्मा संतुष्ट होतीहै उसकर्म
को सत्वगुण लक्षण जानै ३७ तमोगुणका लक्ष

यत्सर्वे नेच्छति ज्ञातुं यन्न ल
ज्जति चाचरन् येन तुष्यति
चात्मास्य तत्सत्वगुणलक्षणं
३७ तमसो लक्षणं कामो रज
सस्त्वर्थ उच्यते सत्वस्य लक्ष
णं धर्मः श्रेष्ठमेषां यथोत्तरं
३८ येन यांस्तु गुणेनैषां संसा
रान्प्रतिपद्यते तान्समासेन
वक्ष्यामि सर्वस्यास्य यथाक्र
मं ३९

ण कामहै रजोगुणका लक्षण अर्थहै सत्वगुणका
लक्षण धर्महै इन्होंमें उत्तर उत्तर श्रेष्ठहै ३८ जिस
गुणकरके जिस गतिको जीव पाताहै उन संसा
रों जगतके गतिको संक्षेपसे मैं कहूंगा ३९ ॥

सत्वगुणवाले देव भावको रजोगुणवाले मनुष्यभाव॰
को तमोगुणवाले तिर्यगभाव अर्थात् तिरछा चलने॰
वाले मनुष्यभावको तमोगुणवाले प्राप्त होतेहै यह
तीन प्रकारकी गतिहै ४० सत्व आदि तीन गुण करके
तीन प्रकारकी गति जो कहा सो देशकाल आदि भेद

देवत्वं सात्विका यांति मनुष्य
त्वं च राजसाः तिर्यक्त्वं ताम
सा नित्य मित्येषा त्रिविधा ग॰
तिः ४० त्रिविधा त्रिविधैषा तु
विज्ञेया गौणिकी गतिः अध
मा मध्यमाग्र्या च कर्म विद्या
विशेषतः ४१ स्थावराः कृमि
कीटाश्च मत्स्याः सर्पाः सक
च्छपाः पशवश्च मृगाश्चैव ज
घन्या तामसी गतिः ४२ ॥

करके संसारका कारण करण भेदसे प्रथम मध्यम उत्त
म भेद करके फेर तीन प्रकारकी गति जानना ४१ हे
त और छोटे बडे कीडे मछली सर्प कछुआ पशु मृग
इन सभ गतिको तमो गुणकी नीच गति जानना ४२

म० स्मृ० टी० भा० ४१२

462

हाथी घोड़ा शूद्र म्लेच्छ सिंह व्याघ्र सूअर इन सब ग
तिको तमोगुणकी मध्यम गति जानना ४३ नट प
ती कपटसे धर्म करने वाला पुरुष राक्षस पिशाच
इन गतिको तमोगुणकी उत्तम गति जानना ४४ ।
व्रात्य क्षत्रियसे सवर्णा भार्यामें उत्पन्न जो दशवें अ
ध्यायमें कह आएहैं झल्ल अर्थात लाठीसे प्रहार क

हस्तिनश्च तुरंगाश्च शूद्रा म्ले
च्छाश्च गर्हिताः सिंहा व्याघ्रा
वराहाश्च मध्यमा तामसी ग
तिः ४३ चारणाश्च सुपर्णाश्च
पुरुषाश्चैव दांभिकाः रक्षांसि
च पिशाचाश्च तामसीषूत्तमा
गतिः ४४ झल्ला मल्ला नटाश्चै
व पुरुषाः शस्त्रवृत्तयः द्यूतपा
न प्रसक्ताश्च जघन्या राजसी
गतिः ४५

रने वाले मल्ल अर्थात बाहुसे युद्ध करने वाले नट
अर्थात रंगावतारक रंग कहिए सभा उसका अवता
रक कहिये बनानेवाला शस्त्रसे जीनेवाले जूआ
खेलने वाले मदिरा पीनेवाले पुरुष इन सब गति
को रजोगुणकी नीच गति जानना ४५ ॥

राजा क्षत्रिय राजाका पुरोहित शास्त्रार्थ प्रिय पुरुष
इन सभ गतिको रजोगुणकी मध्यम गति जानना
४६ गंधर्व गुह्यक यक्ष देवतोंके अनुचर अर्थात् देव
तोंकी पीछे चलने वाले विद्याधर आदि अप्सरा इन
सभ गतिको रजोगुणकी उत्तम गति जानना ४७

राजानः क्षत्रियाश्चैव राज्ञो
चैव पुरोहिताः वादयुद्ध प्र
धानाश्च मध्यमा राजसीगतिः
४६ गंधर्वा गुह्यका यक्षा वि
बुधानुचराश्चये तथैवाप्सर
सः सर्वा राजसी हुत्तमागतिः
४७ तापसा यतयो विप्राः ये
च वै मानिकागणाः नक्षत्रा
णि च दैत्याश्च प्रथमा सात्वि
की गतिः ४८

तपस्वी यती ब्राह्मण वैमानिक गण अर्थात् अप्सरा
को छोड़कर पुष्पक विमान पर चढ़कर चलने वा
ले नक्षत्र दैत्य इन सभ गतिको सत्वगुणकी नीच
गति जानना ४८ यज्ञ करने वाले ऋषि देवता वेद

ध्रुव आदि ज्योतिर्गण वत्सर पितृगण साध्यगण इन इन सब गतिको सत्वगुणकी मध्यम गति जानना ४९ ब्रह्मा और संसारके उत्पन्न करनेवाले सब प्रजापति धर्म महतत्त्व माया इन सब गतिको सत्वगुणकी उत्तम गति जानना ५॰ मन वाणी शरीर ये तीनों कर्मके साधन है अर्थात् यही तीनों

यज्वान ऋषयो देवा वेदाः ज्योतींषि वत्सराः पितरश्चैव साध्याश्च द्वितीया सात्विकी गतिः ४९ ब्रह्मा विश्वसृजो धर्मो महानव्यक्त मेव च उत्तमो सात्विकी मेतो गति माहु र्मनीषिणः ५॰ एष सर्वः समुद्दिष्टस्त्रिप्रकारस्य कर्मणः त्रिविधस्त्रिविधः कृत्स्नः संसारः सार्वभौतिकः ५१

से कर्म होता है इन्हींके भेदसे तीन प्रकारके कर्म सत्व रज तम भेद करके हुए फेर नीच मध्यम उत्तम भेद करके एक एकमें तीन प्रकारसे नव प्रकारके पंच भूतसे उत्पन्न सम्पूर्ण संसार है उसको मैंने दिखानेके लिये कहा इसलिये जो नहीं कहा सो भी गति ग्रन्थान्तरोंमें दिखनेके योग्य है ५१ ॥

नरमें प्रथम मूर्ख पुरुष इंद्रियोंके प्रसंगसे धर्मके
त्यागसे निंदित गतिको पातेहैं ५२ इस लोकमें क्रम
से यह जीव जिस जिस कर्म करके जिस जिस यो॰
निमें जाताहै इन सबको जानो ५३ बहुत वर्षतक

इंद्रियाणां प्रसंगेन धर्मस्या
सेवनेन च पापान्संयाति सं
सारान विद्वांसो नराधमाः
५२ यां यां योनिं तु जीवोयं
येन येनेह कर्मणा क्रमशो
याति लोकेस्मिं तत्सर्वं नि
बोधत ५३ बहून्वर्षगणान्घ
ोरान् नरकान्प्राप्य तत्क्ष॰
यात् संसारान्प्रतिपद्यंते म॰
हापातकिन स्त्विमां ५४ ।

घोर नरकके भोगसे पापोंको हरकर शेष पापसे म
हापातकी पुरुष इन संसारोंको पातेहैं ५४ कुत्ता
सूअर गदहा ऊंट गौ बकरी भेड मृग पक्षी चांडाल पु
क्कस इन्होंकी योनिमें ब्राह्मणको मारने वाला जा

ताहै ५५ छोटे बडे कीडे पतंग विष्टाके भोजन क
रने वाले पक्षी मारनेका स्वभाव वाले अर्थात् बा
घ आदि इन्होंकी योनिमे सुरापान करने वाला ब्रा

464

श्व सूकरखरोष्ट्राणां गोजावि
मृगपक्षिणां चांडाल पुक्कशा
नां च ब्रह्महा योनि मृच्छति
५५ कृमि कीट पतंगानां वि
ड्भुजां चैव पक्षिणां हिंस्राणां
चैव सत्वानां सुरापो ब्राह्म॰
णो व्रजेत् ५६ लूताहि सरटा
नां च तिरश्चां चांबु चारिणां
हिंस्राणां च पिशाचानां स्तेनो
विप्रः सहस्रशः ५७ ॥

ह्मण जाताहै ५६ मकरी सर्प गिरगिट जलचर टेढे
चलनेवाले जीव पिशाच मारनेका स्वभाव वाले जी
व इन्होंकी योनिमे सोना चोराने वाला ब्राह्मण हजा
रों वेर जाताहै ५७

तृण अर्थात् दूब आदि गुल्म अर्थात् स्कंध रहित लता अ
र्थात् गडुचि आदि कच्चा मांस भोजन करने वाले अर्था
त् गिद्ध आदि दंष्ट्री अर्थात् सिंह आदि क्रूर कर्म करके
जिसकी शोभाहै अर्थात् बाघ आदि इन्होंकी योनिमें
मातृगमन करनेवाला सैकरों बेर जाताहै ५८ जीव
के मारनेका स्वभाववाले कच्चा मांस भोजन योग्य अ
र्थात् बिलार आदि होतेहै भोजन योग्य जो वस्तु नही
है उसके भोजन करने वाले छोटे कीड़े होतेहै महा॰

तृण गुल्म लतानां च क्रव्यादा
न्दंष्ट्रिणा मपि क्रूरकर्म कृता
न्चैव शतशो गुरुतल्पगः ५८
हिंस्रा भवंति क्रव्यादाः कृमयो
भक्ष भक्षिणः परस्परादिनस्ते
नाः प्रेतान्त्यस्त्री निषेविणः ५९
संयोगं पतितै र्गत्वा परस्यैव
च योषितं अपहृत्य च विप्रस्वं
भवति ब्रह्मराक्षसः ६० ॥

पातकीको छोड़कर जो चोरहै परस्पर मांस भोजन
करने वाले होतेहै अर्थात् वह उसकी मांसको भोज
न करताहै और वह उसकी मांसको भोजन करताहै
चांडालकी स्त्रीसे रति करने वाला प्रेत होताहै ५९ पति
तोके साथ संयोग परस्त्रीसे रत ब्राह्मणका सोना चो
राना इन्होंमेंसे कोई एक कर्म करके ब्रह्मराक्षस होता
है ६० लोभसे मणि मोती मूंगा और नाना प्रकारके र
त्न इन्होंके हरणसे सोनार होताहै ६१ धान्य कांसज
ल मधु दूध रस घी इन्होंके हरणसे क्रम करके मू

सा हंसा प्लव नामवाला पक्षी दंश अर्थात् बनकी
माछी कौआ कुत्ता नेउर होताहै ६२ मांस वपा अर्था
त् चरबी तेल नून दही इन्होंके हरणसे क्रम कर
के गिद्ध मद्गु अर्थात् जलचर पक्षी तैलपायिक प

मणिमुक्तप्रवालानि हृत्वा ।
लोभेन मानवः विविधानि
च रत्नानि जायते हेमकर्तृषु
६१ धान्यं हृत्वा भवत्याखुः कां
स्यं हंसो जलं प्लवः मधु दंश
पयः काको रसं श्वा नकुलो ।
घृतम् ६२ मांसं गृध्रो वपां म
द्गुस्तैलं तैलपकः खगः चीं ।
रीवाकस्तु लवणं बलाका
शकुनि दधि ६३ कौशेयं तित्ति ।
रिं हृत्वा क्षौमं हृत्वा तु दर्दु
रः कार्पासतान्तवं क्रौंचो गो ।
धा गां वाग्गुदो गुडम् ६४ ॥

क्षी कीड़ा बलाका पक्षी होताहै ६३ कौशेय अर्था
त् कीड़ाके पेटमेंसे जो सूत निकाला गया उसका
वस्त्र क्षौम अर्थात् तीसीके त्वचासे बना वस्त्र कपा
सके सूतसे वस्त्र गौ गुड इन्होंके हरणसे क्रमकरके
तित्तिर पक्षी मेंडका क्रौंच गोह वाग्गुद अर्थात् गेडुरा
पक्षी होताहै ६४

शुभ गंध अर्थात् कस्तूरी आदि पत्र शाक अर्थात् ब-
थुआ आदि पत्र साग सिद्धान्न अर्थात् भात सत्तुआ आ-
दि असिद्धान्न अर्थात् ब्रीहि यव आदि इन्होंके हरणेसे
क्रमकरके छुछुंदर मयूर श्वाविन् साही होताहै १५
अग्नि गृहोपस्करण अर्थात् सूप मूसर आदि गृहके उ-
पयोगी वस्त्र लालवस्त्र इन्होंके हरणेसे क्रम करके

छुछुंदरि शुभान् गंधान् पत्र
शाकं तु बर्हिणः श्वाविल्कृता
न्नं विविधमकृतान्नं तु शल्य-
कः १५ बको भवति हृत्वाग्नि
गृहकारी ह्युपस्कर रक्तानि
हृत्वा वासांसि जायते जीव
जीवकः १६ वृको मृगेभं व्या
घ्रोश्वं फलमूलं तु मर्कटः ।
स्त्रीमृक्षः स्तोकको वारि या
नान्युष्ट्रः पशून् गजः १७ ।

बगला गृहकारी अर्थात् बिलनी चकोर होताहै १६
मृग और हाथी इन दोनोंमेंसे एकको हरण करके
भेडिआ होताहै घोडाके हरणेसें बानर होताहै स्त्री ज
ल सवारी जो कहाहै इसको छोडकर पशु इनके ह
रणेसे क्रमकरके भालू चातक पक्षी अर्थात् पपी
हा ऊंट बकरा होताहै १७ जो ऊख पराई द्रव्यहै

इन दोनोमेंसे एकके
वाच होताहै फल और मूल
हरणसे ८

म० स्व० टी० भा० ४६६

466

उसके हरणमें और देवतोंको अनिवेदित हवि के भोजनसे अवश्य तिर्यग्भाव अर्थात् टेढे च लनेवाले जीवकी योनिको प्राप्त होताहै १८ स्त्री भी पूर्व कथित कर्म करके पूर्व कथित जीवों

यद्वा तद्वा परद्रव्य मपहृत्य
बलान्नरः अवश्यं याति ति
र्यक्त्वं जग्ध्वा चैवाहुतं हविः
१८ स्त्रियो ऽप्येतेन कल्पेन हृ
त्वा दोष मवाप्नुयुः एतेषा
मेव जन्तूनां भार्यात्व मुपया
ताः १९ स्वेभ्यः स्वेभ्यस्तु
कर्मभ्यः च्युता वर्णा ह्यनाप
दि पापान्संसृत्य संसारा न्प्रे
ष्यतां याति शत्रुषु २० ॥

की स्त्री होतीहै १९ आपत्कालके अभावमें चारो वर्ण अपने कर्मोंसे रहित होकर पापयोनिमें जा के शत्रुओंकी अपने दास होतेहैं २० ॥

अपने धर्मसे रहित ब्राह्मण वमन अर्थात् उलटी कि
ए गई वस्तु उसका भोजन करनेवाला उल्कामुख ना
म वाला प्रेत होताहै अपने धर्मसे रहित क्षत्रिय वि
ष्टा अथवा भोजन करनेवाला कटपूतन नाम वा
ला प्रेत होताहै १८ अपने धर्मसे रहित वैश्य पीब

वान्ताश्युल्कामुखः प्रेतो वि
प्रो धर्मात्स्वकाच्युतः अमे
ध्यकुणपाशी च क्षत्रियः क
टपूतनः १८ मैत्राक्षज्योति
कः प्रेतो वैश्यो भवति पूयभु
क् चैलाशकश्च भवति शूद्रो
धर्मात्स्वकाच्युतः १९ यथा
यथा निषेवन्ते विषयान्विष
यात्मकः तथा तथा कुशल
ता तेषां तेषूपजायते २०॥

भोजन करनेवाला मैत्राक्षज्योतिक नामवाला प्रेत
होताहै अपने धर्मसे रहित शूद्र वस्त्र भोजन करने
वाला प्रेत होताहै १९ विषयमें आत्माके लगाने वा
ला पुरुष जैसा विषयोंको सेवन करताहै तैसा तै
सा विषयोंमें प्रवीण होताहै २० छोटी बुद्धिवाले

म॰
स्क॰ टी॰
भा॰
४६७

४६७

वे सब दुष्पाप कर्मोंके अभ्याससे निन निन योनि
में दुःखको पाते हैं १४ चौथी अध्यायमें कहे हुए
जो तामिस्र असिपत्र वन बंधन छेदन आदि नर
कमें दुःख पाते हैं १५ नाना प्रकारके पीडा पाते हैं

अभ्यासात्कर्मणां तेषां पापा
नामल्पबुद्धयः सम्प्राप्नुवं
ति दुःखानि तासुतास्विह ।
योनिषु १४ तामिस्रादिषु ।
चोग्रेषु नरकेषु विवर्तनम्
असिपत्र वनादीनि बंधन
छेदनानि च १५ विविधा ।
श्चैव संपीडाः काकोलूकैश्च
भक्षणम् करंभ वालुका ता
पान् कुंभीपाकांश्च दारुणा
न् १६

कौआ उल्लू पक्षी इन्होंसे भोजन किए जाते हैं तपे
बालूके तापको पाते हैं अति दारुण कुंभीपाक
के दुःखें भोग करते हैं १६ ॥
कौ

नित्यही बहुत दुःखवाली निषिद्ध योनिमें उत्पत्ति
शीत तापसे पीडा नानाप्रकारके भय इन सभको पा
तेहैं ३३ वारंवार गर्भमें वास दारुण जन्म बंधन कष्ट
परकी सेवा इन सभको पातेहैं ३८ बंधु और प्रियइ

सेभवाश्च वियोगाश्च दुःखशो
काश्च नित्यशः शीततापाभि
घाताश्च विविधानि भयानि
चा ३३ गर्भसंक्रमवासश्च वास
जन्म च दारुणं बंधनानि च
कष्टानि परप्रेष्यत्वमेव च ३८
बंधु प्रिय वियोगाश्च वासं चै
व च दुर्जनैः द्रव्यार्जनं च ना
शो च मित्रामित्रस्य वाजनम्
३९

ष्टोंके साथ वियोग दुर्जनोंके साथ वास द्रव्यार्जनका
नाश मित्र और शत्रु इन्होंकी प्राप्ति इन स
प्रवास द्रव्यनाश मित्र और शत्रु इन्होंकी प्राप्ति इन स
भको पातेहै ३९ उपाय रहित बडी अवस्था व्याधिसे
दुःख नानाप्रकारके क्लेश दुर्जय मृत्यु इन सभको

म०
स्क० टी०
भा०
४६८

468

पातेहै ८०. जिस जिस भावसे जिस जिस कर्मको से
वताहै तैसी शरीरसे तिस तिस फलको भोग कर
ताहै अर्थात् सात्विक राजस तामस भाव करके
स्नान दान योग आदिकोंसे तो सत्वादिक रजोधिक

जरां चैवाप्रतीकारां व्याधिभि
श्चोपपीडनं क्लेशांश्च विवि
धांस्तांस्तान्मृत्युमेवच दुर्ज
यं ८०. यादृशेन तु भावेन य
द्यत्कर्म निषेवते तादृशेन
शरीरेण तत्तत्फल मुपाश्नु
ते ८१ एषसर्वः समुद्दिष्टः क
र्मणांवः फलोदयः नैःश्रे०
यसकरं कर्म विप्रस्येदं नि०
बोधत ८२

तमोधिक शरीर करके स्नान दान योग आदि कर्मों०
के फलको भोग करताहै ८१. कर्मोंके फलका उद
य संपूर्ण यह मैंने कहा इसके अनंतर ब्राह्मणके
मोक्षहित कर्मको जानो ८२ ॥

वेदाभ्यास जप ज्ञान इंद्रियोंका संयम अहिंसा गुरुसेवा
ये सभ कर्म मोक्षके हित बडा है ८३ इन सभ कर्मोंमें
कोई कर्म पुरुषोंके मोक्षके लिये अतिहित है ८४ स
भ कर्मोंमें आत्मज्ञान अर्थात् अपनेको पिछानना श्रेष्ठ

वेदाभ्यास तपोज्ञान मिंद्रिया
णां च संयमः अहिंसा गुरुसे
वा च निःश्रेयसकरं परं ८३
सर्वेषा मपि चैतेषां शुभाना
मिह कर्मणां किंचित् श्रेयः
स्करतरं कर्मोक्तं पुरुषं प्रति
८४ सर्वेषा मपि चैतेषां मात्म
ज्ञानं परं स्मृतं तद्ध्यग्र्यं सर्व
विद्यानां प्राप्यते ह्यमृतं ततः
८५ षण्णा मेषां तु सर्वेषां कर्म
णां प्रेत्य चेह च श्रेयस्करतरं
ज्ञेयं सर्वदा कर्म वैदिकं ८६

है क्यों कि इसीसे मोक्ष होता है ८५ पूर्व कथित वेदा
भ्यास आदि छः कर्मोंसे इस लोकमें परलोकमें वेदो
क्त कर्म अर्थात् आत्मज्ञान सर्वकालमें मोक्षके हि
त जानने योग्य है ८६ आत्मज्ञानसे पूर्व कथित पां

का

म॰
स्मृ॰ टी॰
भा॰
४११

469

वो कर्म होजातेहै ८७ वैदिक अर्थात् वेदोक्त कर्म
दो प्रकारकेहै एक प्रवृत्त दूसरा निवृत्त सुख और अ
भ्युदयको देनेवाला प्रवृत्तहै अर्थात् ज्योतिष्टोम आ
दियज्ञसे सुखदेनेवाला स्वर्गादि फलहोताहै परं
तु संसारमें फेर लआताहै इस लिये प्रवृत्त कहाता
है और निःश्रेयस अर्थात् मोक्ष उसके लिये जोक

वैदिके कर्मयोगे तु सर्वाण्ये
तान्यशेषतः अन्तर्भवंति क
मशस्तस्मिंस्तस्मिन् क्रिया
विधौ ८७ सुखाभ्युदयकं कर्म
नैःश्रेयसिकमेव च प्रवृत्तं च
निवृत्तं च द्विविधं कर्म वैदि
कं ८८ इह चामुत्र वा काम्यं
प्रवृत्तं कर्म कीर्त्यते निष्कामं
ज्ञानपूर्वं तु निवृत्तमुपदि
श्यते ८९

र्म सो नैःश्रेयसिक कहाताहै ८८ इसलोकमें और प
रलोकमें कामनाके लिये जो कर्म सो प्रवृत्त कहा
ताहै ज्ञानपूर्वक जो कर्म सो निवृत्त कहाताहै
८९ ॥

अर्थात संसारमे फेर नही लयाता है

प्रवृत्त कर्म करनेसे देवतोंके सम होताहै निवृत्तक
र्म करनेसे पृथिवी आदि पांच भूतोंको जीतताहै
अर्थात् इन्हींहीसे शरीर होताहै इन्होंको जीतनेसे
पुनर्जन्म नही होताहै ९० सब भूतोंमें अपनी आ
त्माको और सब भूतोंको अपनी आत्मामें देखता स

प्रवृत्तं कर्म संसेव्य देवानामे
ति साम्यतां निवृत्तं सेवमा ।
नस्तु भूतान्यत्येति पंचवै ९० स
र्वभूतेषु चात्मानं सर्वभूतानि
चात्मनि समंपश्यन्नात्मया ।
जी स्वाराज्य मधिगच्छति ९१
यथोक्तान्यपि कर्माणि परि
हाय द्विजोत्तमः आत्मज्ञाने
शमे च स्याद्वेदाभ्यासे च यत्न
वान् ९२ ॥

ने आत्माका याग करने वाला पुरुष स्वाराज्य अर्था
त् ब्रह्मभावको पाताहै ९१ ब्राह्मण यथोक्त कर्म अ
र्थात् अग्निहोत्र आदि कर्मको त्यागकर ब्रह्मध्यान
इंद्रिय जय ॐकार उपनिषद आदि वेदाभ्यास इन्हों
में यत्न करे ९२ ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्यके जन्मके स

म॰
स्मृ॰ टी॰
भा॰
ध३॰

470

फल करने वाले आत्मज्ञान वेदाभ्यास आदिकर्म
है परंतु ब्राह्मणको तो विशेष करके इस लिये उ
स कर्मको पाके कृत कृत्य होता है अर्थात् कर॰
ने योग्य वस्तुको करचुकता है ९३ पितर देव म
नुष्य इन्होंका वेद नित्य नेत्र है वेद और शास्त्र ये
दोनो अशक्य है और अप्रमेय है अर्थात् तर्क कर

एतद्धि जन्मसाफल्यं ब्राह्म॰
णस्य विशेषतः प्राप्यैतत्कृ
तकृत्यो हि द्विजो भवति ना
न्यथा ९३ पितृदेव मनुष्या॰
णां वेदः चक्षुः सनातनम्
अशक्यं चाप्रमेयं च वेदशा
स्त्र मिति स्थितिः ९४ या वेद
बाह्याः स्मृतयो याश्च काश्च
कुदृष्टयः सर्वास्ता निष्फलाः
प्रेत्य तमो निष्ठा हि ताः स्मृ॰
ताः ९५

ने योग्य नहीं है य ह शास्त्रकी मर्यादा
है ९४ वेदसे बाहर जो स्मृति और दृष्टार्थ वाक्य अ
र्थात् चैत्य वंदनसे स्वर्ग होता है चैत्य कहिए चौत
रा और चार्वाक मत ये सभ निष्फल है क्यों कि उन्हों
का मूल वेद है वह सभ तमो निष्ठ है अर्थात् तमोगु

णसे भरे हैं ९५

वेदसे बाहर जो वाक्यहै सो पुरुषकी बनाईहै इस
लिये अनित्यहै अर्थात् उत्पत्ति विनाश सहितहै
और अनित्य वस्तुका प्रमाण नहींहै और स्मृति
आदि जो वाक्यहै सो तो नित्यहै क्योंकि इन्होंका
मूल वेदहै इसलिये इन्होंका प्रमाणहै ९६ चारो

उत्पद्यंते च्यवंते च यान्यतो
न्यानि कानिचित् तान्यर्वा
कालिकतया निष्फलान्य
नृतानि च ९६ चातुर्वर्ण्यं त्र
यो लोकाश्चत्वारश्चाश्रमाः
पृथक् भूतं भव्यं भविष्यंच
सर्वं वेदात्प्रसिध्यति ९७ श
ब्दः स्पर्शश्च रूपंच रसो गंध
श्च पंचमः वेदादेव प्रसूयंते
प्रसूति गुणकर्मतः ९८ ।

वर्ण तीनों लोक भिन्न भिन्न चारो आश्रम भूत भवि
ष्य वर्तमान जो कुछ कर्महै सो सब वेदहीसे प्र
सिद्ध होताहै ९७ सत्व रज तम इन गुणोंसे उत्प
न जो शब्द स्पर्श रूप रस गंध ये सब वेदही से उ
त्पन्न होतेहैं ९८ नित्यही सर्व जीवको धारण क
रने वाला जो वेद शास्त्रहै सोई पुरुषको श्रेष्ठ

रुषार्थ है यह मैं अर्थात् श्रेष्ठ मानता हूं ९९ सेना
पतिका कर्म राज्य दंड देना सर्व लोकका स्वामि
ता इन सबके योग्य वेद शास्त्र जानने वाला है

बिभर्ति सर्वभूतानि वेदशा
स्त्रं सनातनं तस्मादेतत्परं
मन्ये यज्जंतोरस्य साधनं ९९
सेनापत्यं च राज्यं च दंडने
तृत्वमेव च सर्वलोकाधि
पत्यं च वेदशास्त्रविदर्हति
१०० यथा जातबलो वह्नि
र्दहत्यार्द्रानपि द्रुमान् तथा
दहति वेदज्ञः कर्मजं दोष
मात्मनः १०१

१०० जिस प्रकारसे बढी अग्नि गीले वृक्षको दहन
करती है तिस प्रकारसे वेद जानने वाला अपने
कर्मसे उत्पन्न दोषको दहन करता है १०१ ॥

वेद शास्त्र का मुख्य अर्थ जानने वाला कोई आश्रम
मे वास करत संते मोक्ष के योग्य होता है १२ जो अ
ज्ञ नही जानता इससे एक ग्रंथ पढने वाला बडा
है इससे पढे हूए को अर्थ जानने वाला बडा है इस
से व्यवसायी अर्थात् वेदोक्त कर्म करने वाला बडा

वेद शास्त्रार्थ तत्त्वज्ञो यत्र त
त्राश्रमे वसन् इहैव लोके ति
ष्ठन् स ब्रह्मभूयाय कल्पते १२
अज्ञेभ्यो ग्रंथिनः श्रेष्ठा ज्ञानि
भ्यो व्यवसायिनः धारिभ्यो ॰
ज्ञानिनः श्रेष्ठा ज्ञानिभ्यो व्य
वसायिनः १३ तपो विद्या च
विप्रस्य निःश्रेयसकरं परम्
तपसा किल्बिषं हंति विद्यया
मृत मश्नुते १४ ॥

है १३ तप अर्थात् अपना धर्म करना विद्या अर्थात्
आत्मज्ञान ये दोनों ब्राह्मण के मोक्ष का श्रेष्ठ उपाय
है क्यों कि तपसे पाप को नाश करता है और विद्या
से मोक्ष को पाता है १४ धर्म का तत्त्व जानने की इच्छा

करने वाला पुरुष प्रत्यक्ष अनुमान नानाप्रकारके
शास्त्रोक्त शब्द इन तीनों प्रमाणको अच्छे प्रकारसे
जाने १०५ वेद और स्मृति इन दोनोंको अच्छे तर्कसे
जो अनुसंधान करताहै सोई धर्मको जानताहै ।

प्रत्यक्षं चानुमानं च शास्त्रं च
विविधागमं त्रयं सुविदितं ।
कार्यं धर्मशुद्धिमभीप्सता १०५
आर्षं धर्मोपदेशं च वेदशा ।
स्त्राविरोधिना यस्तर्केणानु
संधत्ते स धर्मं वेद नेतरः १०६
नैःश्रेयसमिदं कर्म यथोदि
तमशेषतः मानवस्यास्य
शास्त्रस्य रहस्यमुपदिश्यते
१०७ ॥

इतरा नहीं १०६ भृगुजी कहतेहैं कि मोक्षदेने वाले
संपूर्ण कर्मको मैंने कहा अब इस शास्त्रकी गुप्त
बातको कहताहूं १०७ ॥

जो धर्म मैंने नहीं कहा उस धर्मको श्रेष्ठ ब्राह्मण कहै सो ।
करना शंका न करना ८ जिसने संपूर्ण वेदको धर्मसे
पढा वही श्रेष्ठ ब्राह्मण कहाताहै क्योंकि वेदके प्रत्यक्ष
करनेमे वही कारणहै ९ दशके ऊपर अथवा तीन

अनाम्नातेषु धर्मेषु कथं स्या ।
दिति चेद्भवेत् यं शिष्टा ब्राह्मणा
ब्रूयुः स धर्मः स्यादशंकितः ८
धर्मेणाधिगतो यैस्तु वेदः सप
रिबृंहणः ते शिष्टाः ब्राह्मणा ।
ज्ञेयाः श्रुति प्रत्यक्ष हेतवः ९
दशावरा वा परिषद्यं धर्मं परि
कल्पयेत् त्र्यवरा वापि वृत्तस्था
तं धर्मं न विचालयेत् १० ॥

के ऊपर ब्राह्मण समुदाय जोहै सो परिषत कहाताहै सो
जिस धर्मको कहै सो धर्म करना उसका लंघन न कर
ना १० तीनों वेदको एक शाखाको पढने वाला श्रु ।
ति स्मृतिसे विरोध रहित न्यायशास्त्रको पढनेवाला

म॰ स्मृ॰ टी॰ भा॰ ४२३

423

मीमांसा धर्मशास्त्र निरुक्त इन सभोंको जाननेवा-
ला ब्रह्मचारी गृहस्थ वानप्रस्थ दश से उपरेहो सो प
रिषत कहातीहै ॥१११ ऋग्यजुः साम इन तीनो वेदके
शाखाको पढने वाला और स्मृति पुराण इसका
अर्थ जानने वाला तीन ब्राह्मण धर्मके संशयको हरै

त्रैविद्यो हैतुक स्तर्की नैरुक्तो
धर्मपाठकः त्रयश्चाश्रमिणः
पूर्वे परिषत्स्याद्दशावरा ॥१११
ऋग्वेदविद्यजुर्विच्च सामवेद-
विदेवच त्र्यवरा परिषज्ज्ञेया ध
र्म संशय निर्णये ॥११२ एकोपि
वेदविद्धर्मं यं व्यवस्येद्द्विजोत्त-
मः स विज्ञेयः परोधर्मो नाज्ञा
नामुदितो युतैः ॥११३ ॥

करै ॥११२ अर्थ सहित वेदको पढने वाला स्मृति पुराण
मीमांसा न्याय इन सभोंका अर्थ जानने वाला एक
भी जिस धर्मको कहै सोई धर्म है दश सहस्र मूर्ख कहै
है सो धर्म नहीहै ॥११३ ॥

वत और मंत्र इन्होंसे रहित केवल जाति हीसे जीने
वाले हजार भीहों तो पवित्र नहीं कहतेहैं ॥ ८ ॥ त
मोगुणसे युक्त मूर्ख धर्मको न जानने वाला जो पा
पका प्रायश्चित्त कहतेहैं इसको वह पाप सौ टुकग्र

अव्रताना ममंत्राणां जातिमा
त्रोप जीविनां सहस्रशः समेत
ानां परिषत्त्वं न विद्यते ॥ ८ ॥
यं वदंति तमोभूता मूर्खा ध
र्ममतद्विदः तत्पापं शतधा
भूत्वा तद्वक्तृन् नु गच्छति ॥ ५ ॥
एतद्वोभिहितं सर्वं निःश्रेयस
करं परम् अस्मादप्रच्युतो विप्रः
प्राप्नोति परमां गतिम् ॥ ६ ॥

होके पढ़ंचताहै ॥ ५ ॥ भृगुजी कहतेहैं कि हे ऋषिः
यो आप लोगोंसे कल्याण देनेवाला जो धर्महै इस
को कहा इस धर्मसे च्युत नहो ब्राह्मण तो परमगति
को पाताहै ॥ ६ ॥ लोकका हित करन सेते भगवान

म०
स्० टी०
भा०
४२४

454

देवने इस प्रकारसे परम गुह्य धर्मको हमसे क-
हा ॥ १७ ॥ निश्चिन्त होके आत्मामें संपूर्णको देखे इस
को देखत सन्ते अधर्ममें मनको न करै ॥ १८ ॥ संपूर्ण

एवं स भगवान्देवो लोकानां
हितकाम्यया धर्मस्य परमं
गुह्यं ममेदं सर्वमुक्तवान् ॥ १७ ॥
सर्वमात्मनि संपश्येत्सत्त्वा
सत्त्वसमाहितः सर्वं ह्यात्म-
नि संपश्यन्नाधर्मे कुरुते म-
नः ॥ १८ ॥ आत्मैव देवताः स-
र्वाः सर्वमात्मन्यवस्थितं आ-
त्मा हि जनयत्येषां कर्मयो-
गं शरीरिणाम् ॥ १९ ॥

संपूर्ण देवता आत्मा है आत्माने संपूर्ण स्थित है संपूर्ण
शरीरवालेके कर्मयोगको आत्मा उत्पन्न करता है ॥ १९ ॥

हृदयके आकाशमें बाहरके आकाशको लीनकरै
चेष्टा और स्पर्श इन्द्रियोंके कारण भूत देहकी वायुमें
बाहरकी वायुको और उदरके तेजमें बाहरके तेज
को देहके जलमें बाहरके जलको पृथिवी का भा
गजो शरीरहै उसमें बाहरकी पृथिवी को लीन क
रै अर्थात् एक रूप करै ४ मनमें चंद्रको श्रोत्रमें ।

ं मनिविशोये वेश चेष्टनेन्स
श्रोत्रे दिशं श्रोत्रेंध्वनिना दिशः
त्वचं वायौ च भूतेषु ।२४।
मनः स्पृहे दिशः श्रोत्रे कोत
विष्णु बले हरे वाच्यग्नि मित्र
मन्मेर्गे प्रजने च प्रजापतिं
।२८। अवशासितारं सर्वेषां मणी
योम मणोरपि रुक्माभं स्व
प्नधी गम्य विद्यात्तं पुरुषं ।
परम् ।२८।

दिशाको पाद इंद्रियमें विष्णुको बलमें इन्द्रको वाणी
इंद्रियमें अग्निको पायु अर्थात् मार्ग इंद्रियमें मित्रको
उपस्थ अर्थात् लिंग भाग इंद्रियमें प्रजापतिको ली
नकरै ।२८। सभोंका शासन करने वाला छोटेसे भी
छोटा सुवर्णके समान कांति वाला स्वप्नकी बुद्धि
सहश ज्ञान करके ग्रहण योग्य पुरुष जो है उस

को सर्वोत्कृष्ट जाने १२२ मनुजीको कोई मनुकोई
अग्निकोई प्रजापतिकोई इंद्रकोई नित्य ब्रह्म कह
तेहैं १२३ यह आत्मा संपूर्ण प्राणियोंकी पृथिवी ।
आदि पंच महाभूतोंकी मूर्ति करके व्यापित होके

एतमेके वदंत्यग्निं मनुमेके प्र
जापतिम् इंद्रमेके परेप्राण
मपरेब्रह्म शाश्वतम् १२३ ए
ष सर्वाणि भूतानि पंचभि ।
र्व्याप्य मूर्तिभिः जन्मवृद्धि ।
क्षयैर्नित्यं संसारयति चक्र
वत् १२४ एवं यः सर्वभूतेष
पश्यत्यात्मानमात्मना सस
र्वसमतामेत्य ब्रह्माभ्येति प
रंपदम् १२५

जन्मवृद्धि क्षयकरके नित्यही चक्रकी नाईं संसर ।
ण करताहै १२४ इसरीतिसे जो पुरुष सब भूतोंमें
आत्मा करके आत्माको देखताहै सो सबकी सम ।
ताको पाके उत्कृष्ट पदको पाताहै १२५ ॥

भृगु ऋषिका कहा हुआ मनुके शास्त्रको पठन ।
करत संते नित्यही आचार सहित ब्राह्मण क्षत्रिय
वैश्य होतेंहैं और यथेष्ट गतिको पावेंहै १२६ इ
तिश्री मनुस्मृति भाषा टीकायां कुल्लुक भट्ट व्याख्या

इत्येतन्मानवं शास्त्रं भृगु ।
प्रोक्तं पठन् द्विजः भवत्या ।
चारवान्नित्यं यथेष्टां प्राप्नुया
द्गतिम् १२६ इति मानवे ध
र्मशास्त्रे भृगुप्रोक्तायां संहि
तायां द्वादशोऽध्यायः १२ ॥

नुसारिण्यां श्री बाह्देवीदयालसिंह कारितायां श्री
कम्पनी संस्कृत पाठशालीय गुलजारशर्म पंडित
कृतायां द्वादशोऽध्यायः १२ ॥

यह मनुस्मृतीका पुस्तक श्रीमन्महाराजा साहिब
रणवीरसिंह बहादर जी सी एस आइ इंद्र महेंद्र
सिपर सलतनत जंबू काश्मीर व तिब्बतादिपति
के पढनेकाहै ॥

